तक पटना से प्रादेशिक समाचार को उर्दू में प्रसारित करने/टेलीविजन पर दिखाने का विचार रखती है?

संसदीय कार्य मंत्री तथा सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री एच० के० एल० भगत) : (क) और (ख) आकाशवाणी को पटना से प्रादेशिक उर्दू समाचार बुलेटिन शुरू करने के लिए अनुरोध प्राप्त हुए हैं। दूरदर्शन को ऐसा कोई अनुरोध प्राप्त नहीं हुआ है क्योंकि पटना में कोई कार्यक्रम निर्माण केन्द्र नहीं है।

(ग) पटना से प्रादेशिक उर्दू समाचार बुलेटिन शुरू करने के प्रश्न पर यथोचित विचार किया जाएगा। पटना स्टेशन दिल्ली से प्रसारित उर्दू समाचार पहले ही रिले कर रहा

वनस्पति के निर्माण में आयातित खाद्य तेलों का इस्तेमाल

***255. श्री राम जेठमलानी :**
श्री राम नरेश यादव :

क्या **खाद्य और नागरिक पूर्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने हाल में वनस्पति निर्माताओं को निदेश दिए हैं कि वनस्पति निर्माण में आयातित खाद्य तेलों के इस्तेमाल को न्यूनतम कर दें;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने आगामी महीनों के दौरान इन निर्माताओं को आयातित तेलों की कम मात्रा उपलब्ध कराने का निर्णय किया है; और

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है और उसके क्या कारण

खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुख राम) : (क) वनस्पति उद्योग को सलाह दी गई है कि वे वनस्पति तैयार करने में आयातित खाद्य तेलों के प्रयोग में उत्तरोत्तर कमी करने के लिए उपाय करें।

(ख) और (ग) वनस्पति उद्योग को आयातित खाद्य तेलों का आवंटन विभिन्न बातों, जैसे देशी तेलों की मांग व आपूर्ति के बीच अन्तर, खाद्य तेलों के अंतर्राष्ट्रीय मूल्य, विदेशी मुद्रा की उपलब्धता तथा अन्य संबंधित घटकों को ध्यान में रखते हुए नियमित किया जाता है।

Setting up of Gas-based Sponge Iron Project in Gujarat

*256. SHRI KAMAL MORARKA: "Will the Minister of STEEL AND MINES toe pleased to state:

(a) whether any gas-based project is being set up for the production of sponge iron in Gujarat;

Ob) if so, the capacity and outlay thereof; and

(c) whether any foreign exchange saving is expected as a result thereof?

THE MINISTER OF STEEL AND MINES (SHRI MAKHAN LAL FOTEDAR): (a) Yes, Sir.

(b) The capacity is 8.0 lakh tonnes per year and the estimated project outlay is about Rs. 300 crores.

(c) Yes, Sir.

दिल्ली में झुग्गी - झोंपड़ियों में रहने वाले लोगों के लिए कार्यक्रम

***257. श्री राम नरेश यादव :**
श्री राम जेठमलानी :

क्या **शहरी विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली में लाखों लोग झुग्गी-झोंपड़ियों में रहे हैं और अमानवीय जीवन बिता रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने इन लोगों की संख्या का कोई अनुमान लगाया है;